महत्वपूर्ण एवं खास

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए मंगाए गए आवेदन

रायगढ़। एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र कोतरा, ग्राम पंचायत कोतरा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक पद एवं आंगनबाड़ी केन्द्र बायंग तथा ग्राम आंगनबाड़ी केन्द्र गढ़कुर्री ग्राम पंचायत कुशवाबहरी में आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक पद के लिए 13 जून से 4 जुलाई 2024 तक आवेदन मंगाये गये है। इस संबंध में अन्य जानकारी के लिए परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ ग्रामीण में संपर्क कर सकते है।

नई 102 महतारी एक्सप्रेस सेवा से गर्भवती माताओं व नवजात बच्चों को मिल रहा लाभ

रायगढ़। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में नई 102 महतारी एक्सप्रेस सेवा से गर्भवती माताओं व नवजात बच्चों को लाभ मिल रहा है। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिये महतारी एक्सप्रेस 102 एंबुलेंस सेवा का परिचालन छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में किया जा रहा है। शासन द्वारा अक्टूबर 2023 से 102 महतारी एक्सप्रेस एंबुलेंस के संचालन का जिम्मा नई संस्था को दिया गया है जिसके द्वारा छत्तीसगढ़ में 380 नई एंबुलेंस के माध्यम से सेवा प्रदान किया जा रहा है जिसका लाभ लगातार गर्भवती माता एवं नवजात शिशुओं को मिल रहा है। उक्त योजना से माह अक्टूबर 2023 से लेकर अप्रैल माह तक जिले में कुल 6000 लाभार्थी लाभान्वित हो चुके है। 102 महतारी एक्सप्रेस सेवा से घर से अस्पताल एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल रेफर तथा अस्पताल से घर जाने की सुविधा गर्भवती माता एवं शिशुओं को दिया जाता है। महतारी एक्सप्रेस सेवा का लाभ प्रसव पूर्व जांच के लिए किया जाता है। रायगढ़ स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुल 11 नई एम्बुलेंस के द्वारा सेवा का संचालन किया जा रहा है। जो कि जीपीएस से सुसज्जित है जिससे सही समय में वाहन की मॉनिटरिंग किया जा सकें और लाभार्थी को त्वरित लाभ पहुँचाया जा सकें।

सारंगढ़ में 9 जून को होगा प्रयास आवासीय विद्यालय के 9वीं कक्षा का प्रवेश परीक्षा

सारंगढ़ बिलाईगढ़। प्रदेश के आदिवासी उप योजना क्षेत्र और नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बालक एवं बालिकाओं के लिए वर्ष 2024-25 के शैक्षणिक सत्र अवधि हेतु प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन (इंट्रेंस) परीक्षा 9 जून रविवार को सबेरे 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया है। इसके लिए स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय सारंगढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जिसमें संस्था के प्राचार्य केद्राध्यक्ष होंगे। जिन विद्यार्थियों का आवेदन स्वीकार किया गया है, वे वेबसाइट www.eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Admit-Card-Login पर जाकर अपने आवेदन क्रमांक एवं पिता के मोबाईल नंबर के सहायता से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा अभ्यर्थी कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

9 जून को होगा पीएटी, पीवीपीटी प्रीबीएबीएड और प्रीबीएससीबीएड प्रवेश परीक्षा

सारंगढ़ बिलाईगढ़। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (सीजी व्यापमं) द्वारा रविवार 9 जून को पूर्वान्ह में पीएटी और पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा और अपरान्ह में प्रीबीएबीएड, प्रीबीएससीबीएड प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थी सीजी व्यापमं की वेबसाइट https://vyapam.cgstate.gov.in/ (व्यापम डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओव्ही डॉट) से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेशित एवं शाला त्यागी बच्चों की करें मॉनिटरिंग -कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

- स्कूलों में पेयजल, शौचालय, रनिंग वॉटर जैसे मूलभूत सुविधाएं करें सुनिश्चित
- किशोरी बालिकाओं के काउंसिलिंग के दिए निर्देश, बच्चों को क्विज कॉम्पीटिशन के लिए करें तैयार
- कलेक्टर गोयल ने निजी स्कूलों में राइट टू एजुकेशन के तहत प्रवेशित बच्चों की ड्रॉप आउट की समीक्षा की

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टोरेट के सृजन सभा कक्ष में जिले में संचालित निजी स्कूलों के संचालकों की बैठक ली। उन्होंने शिक्षा के अधिकार के तहत् प्रवेशित बच्चों एवं उन स्कूलों से शाला त्यागी बच्चों के बारे में गहन समीक्षा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीईओ बी.बाखला उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि शासन द्वारा बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश देने का प्रावधान किया गया है, लेकिन कुछ वर्ष से ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई है। यह अच्छी बात नहीं है, आपको उन बच्चों के टीसी देने तक सीमित नहीं रहना है, यह जानना होगा कि बच्चे स्कूल क्यों छोड़ रहे हैं। ऐसे बच्चों को नियमत: दसवीं तक की पढ़ाई तक स्कूलों में शिक्षा प्रदान करनी होगी। हमें उन्हे अच्छी शिक्षा मुहैया करवाना है। जितने बच्चे प्रवेश ले रहे हैं, उतने आखिरी कक्षा तक दिखने चाहिए। अगर स्कूल छोड़ भी रहे है तो उसका वाजिब कारण जानने के साथ ट्रैकिंग भी करें, कि बच्चा कहां पढ़ रहा है। उन्होंने कम ड्रॉप आउट वाले स्कूल संचालकों के प्रयासों की सराहना भी की।

कलेक्टर गोयल ने सभी स्कूल संचालकों से कहा कि पालकों को किसी भी प्रकार के स्कूल सामग्री खरीदी के लिए दबाव नही डालेंगे। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल संचालकों से उन्होंने समान खरीदी हेतु किसी प्रकार का दबाव नहीं बनाया है यह शपथ पत्र लें। शुल्क की जानकारी, दावा भुगतान के संबंध में सभी स्कूलों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्कूलों के लंबित भुगतान अतिशीघ्र करवाने हेतु प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने शासन के पोर्टल खुलने पर बिना त्रुटि पूर्ण दावा करने हेतु निर्देशित किया ताकि भुगतान संबधी किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

कलेक्टर गोयल ने स्कूली बच्चों के सुरक्षा के लिहाज से स्कूलों के मेन गेट को कव्हर करते हुए सीसी टीवी कैमरा लगवाने के निर्देश दिए। जहां बच्चों एवं बसों की आवाजाही स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके। उन्होंने सभी स्कूलों में तड़ित चालक लगवाने एवं जहां लगे हैं उसे रिपेयर करने के निर्देश दिए। साथ ही जल स्तर वृद्धि हेतु स्कूलों में रेन हार्वेस्टिंग की दिशा में कार्य करने हेतु कहा।

सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने कहा कि बच्चों के लिए प्रतिस्पर्धी माहौल तैयार करने हेतु सभी स्कूल क्विज क्लब, डिबेट क्लब बनाए। ताकि बच्चे में रिजनिंग के साथ ही किसी भी विषय में बोलने का आत्मविश्वास हो व जिले के बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सके। उन्होंने सभी स्कूल संचालकों को निर्देशित किया कि आगामी दिनों में जिला स्तर पर क्विज कॉम्पीटिशन आयोजित की जाएगी। जिसके लिए सभी स्कूल अपने बच्चों की तैयारी करवायें। इस दौरान स्कूल संचालकों को दामिनी एवं मेघदूत एप के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दामिनी एप के माध्यम से आकाशीय बिजली के संभावनाओं के संबंध में आधे घंटे पहले ही सूचना उपलब्ध हो जाती है। इसी प्रकार मेघदूत एप के माध्यम से मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त की जा सकती हैए जो शिक्षकों के साथ ही बच्चों के सुरक्षा के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है।

किशोरी बच्चियों की करें काउंसलिंग, गुड टच-बेड टच की दें जानकारी- कलेक्टर गोयल ने कहा कि 10 साल से अधिक उम्र कि किशोरी बालिकाओं को उनके स्कूल की शिक्षिकाओं के माध्यम से घर के बड़े-बुजुर्ग की भांति उनके हार्मोनल चेंज के संबंध में जानकारी दें कि इस उम्र में इस प्रकार के बदलाव होते है। ताकि बच्चियां घबराएं नहीं। इसी प्रकार उन्होंने यूनिसेफ अथवा किसी भी शासकीय संस्थान से अधिकृत कार्टून वीडियो के माध्यम से बच्चियों को गुड टच और बैड टच के बीच का फर्क समझाएं। इस दौरान उन्होंने माहवारी स्वच्छता के संबंध में भी बालिकाओं को जानकारी देने के निर्देश दिए, ताकि किशोरी बालिकाएं स्वस्थ रहें।

स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं करें सुनिश्चित, बस ड्राइवर रखने से पूर्व जांच पड़ताल के दिए निर्देश- कलेक्टर गोयल ने सभी स्कूलों में आगामी शिक्षण सत्र में पेयजल, शौचालय, रनिंग वाटर जैसे मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्कूल संचालकों से कहा कि बारिश के मौसम में सर्पदंश की शिकायतें प्राप्त होती है, लिहाजा शिक्षक ऐसी स्थिति से निपटने हेतु अस्पतालों का नंबर रखें जहां से सही समय में एन्टीवेनम उपलब्ध हो। उन्होंने सुरक्षा के लिहाज से सभी स्कूलों को निर्देशित किया की स्कूल बसों के ड्राइवर एवं हेल्पर रखने से पूर्व पूरी जांच पड़ताल करने के निर्देश दिए, इसमें किसी प्रकार लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने बसों के फिटनेस जांच करवाने तथा बस में इमरजेंसी खिड़की, फस्ट एड बॉक्स रखने हेतु भी निर्देशित किया।

प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की टीम ने पैदल मार्च कर सड़क तक सामान फैला कर दुकान लगाने वालों को दी समझाइश

- निर्देशों का पालन नहीं करने वालों पर होगी कार्रवाई

रायगढ़

दुकानों के बाहर सड़क तक सामान, होर्डिंग, ग्लो साइन बोर्ड आदि रखकर यातायात अवस्थित करने वालों को व्यवस्था बनाये रखने की समझाइश देने आज शाम प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों द्वारा यातायात व नगर निगम की टीम के साथ शहर के मुख्य मार्गो का भ्रमण किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, उपायुक्त नगर निगम सुतीक्ष्ण यादव, डीएसपी ट्रैफिक रमेश चन्द्रा, नायब तहसीलदार गिरीश निंबलकर, टीआई कोतवाली सुखनंदन पटेल के साथ यातायात, कोतवाली और नगर निगम की टीम द्वारा शहर के मार्केट एरिया में पैदल मार्च किया गया। अधिकारियों ने व्यापारियों से अपील की गई की सड़क तक सामान फैलाकर रखने की वजह से सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है जिससे आम नागरिकों को परेशानी होती है, व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करें अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पट्रोलिंग द्वारा एलाउंमेंट कर ऐसे व्यापारियों को हिदायत दिया गया कि वे निर्देशों का पालन करें। इस दौरान नो पार्किंग एरिया में खड़े वाहनों पर कार्यवाही किया गया।

क्लीन ग्रीन विलेज सप्ताह का हो रहा आयोजन

- पर्यावरण सुरक्षा की ली गई शपथ, स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ के सभी जनपद पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा के तहत क्लीन ग्रीन विलेज सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज ग्राम पंचायत कुसमुरा और लाखा में स्वच्छता रैली और शपथ, जल संरक्षण हेतु संकल्प, सोख्ता गड्ढा निर्माण एवं नालों, तालाब की साफ -सफाई की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जन, महिला समूह की सदस्य, ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम आगामी 12 जून तक चलेगा।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने स्वच्छता रैली निकाली और लोगों को अपने आसपास परिवेश को स्वच्छ रखने हेतु आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शहर व गांव को साफ रखने में अपना योगदान दें तथा अन्य को भी सफाई के प्रति जागरूक करें। यदि सभी लोग अपने घरों के आसपास साफ.-सफाई बनाए रखेंगे तो पूरे जिले में स्वच्छता बनी रहेगी, जिससे बीमारियां भी दूर होगी और सभी स्वस्थ रहेंगे। मौके पर ग्रामवासियों ने मिलकर अपने आसपास के एरिया में उगे घास-फूस एवं रास्ते के गड्ढे में जमे पानी की सफाई की। इस दौरान महिलाओं ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के लिए शपथ भी ली। उन्होंने कहा कि वन पर्यावरण बचेगा, तभी धरती पर जीवन का वजूद रहेगा। इसलिए हरेक व्यक्ति को पौधरोपण और वन संरक्षण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

गुम बालिका दस्तयाब

पुसौर पुलिस ने नाबालिक को भगा ले जाने वाले युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

रायगढ़

पुसौर क्षेत्र से लापता हुई बालिका की खोजबीन में जम्मू रवाना हुई पुसौर पुलिस की टीम द्वारा गुम बालिका को ढूंढ निकालने में सफलता मिली है, साथ ही नाबालिग को भगा ले जाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक पूर्व में 02 फरवरी के सुबह बालिका घर में बिना बताये कहीं चली गई थी, खोजबीन में परिजनों को बालिका नहीं मिलने पर बालिका के पिता द्वारा 04 फरवरी को थाना पुसौर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 41/2024 धारा 363 आईपीसी पंजीबद्ध कर बालिका की खोजबीन की गई जिसे जम्मू में होने की जानकारी पर बालिका को जम्मू से लाकर दस्तयाब किया गया। बालिका ने अपने बयान में ग्राम परसदाकला, बाराद्वार जिला सक्ती का भेखलाल पटेल (32 साल) द्वारा शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाना और शारीरिक संबंध बनाना बतायी जिस पर प्रकरण में धारा 366,376 (2)(n), 4,6 पॉक्सो एक्ट विस्तारित कर आरोपी का पतासाजी किया जा रहा था।

इसी बीच वही बालिका 01 मई को बालिका फिर लापता हो गई। बालिका के पिता द्वारा 03 मई को थाना पुसौर में बालिका के गुम हो जाने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना पुसौर में अप.क्र. 105/2024 धारा 363 आईपीसी कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान आरोपी भेखलाल पटेल के द्वारा बालिका को बहला फुसलाकर जम्मू लेकर जाने की जानकारी मिली। तत्काल थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे द्वारा पुलिस टीम तैयार कर पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन पर जम्मू रवाना किया गया। जम्मू में पतासाजी पर जानकारी मिला कि आरोपी भेखलाल पटेल जम्मू में रोजी-मजदूरी का काम करता है और झुग्गी (कच्चा मकान) में बालिका को साथ रखा था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के मिलने के संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी जिसकी जानकारी आरोपी भेखलाल को मिलने पर ट्रेन से बालिका को लेकर जम्मू से फरार हो गया। पुलिस टीम बालिका व संदेही का पीछा करते हुए रायगढ़ रेलवे स्टेशन के पास आरोपी भेखलाल पटेल का हिरासत में लिया गया। बालिका का कॉउसलिंग व कथन आदि की कार्यवाही पश्चात आरोपी भेखलाल पटेल को दोनों अपराधों में गिरफ्तार कर ज्यूडिसियल रिमांड पर पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर गुम बालिका की पतासाजी एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे, उप निरीक्षक कुंदन लाल गौर, आरक्षक कीर्तन सिदार, महेश पंडा (साइबर सेल) तथा आरक्षक प्रकाश गिरी गोस्वामी की विशेष भूमिका रही है।

ओवरलोड ट्रक का यातायात पुलिस ने काटा 44,000 रुपए का चालान

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल सड़क दुर्घटनाओं को लेकर बेहद गंभीर हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात पुलिस व सभी थाना, चौकी प्रभारी को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार मोटर व्हीकल एक्ट कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के पालन में प्रतिदिन यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग व चालानी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज सुबह रायगढ़-पूंजीपथरा मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीपी 0232 में फैक्ट्री मटेरियल क्षमता से अधिक लोड पाया गया। वाहन का पंचनामा कर ट्रैफिक डीएसपी रमेश कुमार चंद्रा द्वारा वाहन चालक नवीन यादव निवासी जमुई (बिहार) हाल मुकाम भिलाई दुर्ग का मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 113/194 के तहत रु.44,000 का चालान काटा गया है। यातायात पुलिस की आगे भी यातायात मानदंडों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

आबकारी विभाग की अवैध शराब निर्माण और भंडारण पर ताबड़तोड़ कार्यवाही

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं सहायक आयुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा के अवैध शराब पर कार्यवाही हेतु दिए गए निर्देश के परिपालन में आज अवैध शराब निर्माण एवं भंडारण की सूचना पर त्वरित टीम गठित कर वृत्त-खरसिया प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक मनोज राठौर के नेतृत्व में बरभौना में छापेमारी एवं घेराबंदी कर ऋषि डनसेना के द्वारा तालाब के किनारे अवैध रूप से दो नग चढ़ी भ_ियों से महुआ शराब का निर्माण करते पाया गया उक्त भ_ियों से आसवित 20 बल्क लीटर महुआ शराब कीमती 4000 रूपये तथा शराब बनाने के बर्तन आदि बरामद होने से तथा उसका विधि विरूद्ध निर्माण एवं धारण करने पर आबकारी अधि.की धारा 34 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में आरक्षक रमन नेमी, प्रवीण जांगड़े स्टाफ तेजराम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आईएएस वासु जैन ने किया मधुर गीत "स्कूल जाबो" का विमोचन

- सरकारी स्कूलों में बच्चों के एडमिशन को प्रोत्साहित करने के लिए नवाचार

सारंगढ़ बिलाईगढ़

'स्कूल जाबो' थीम पर आधारित शाला प्रवेशोत्सव के मधुर गीत का विमोचन सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में अनुभागीय अधिकारी राजस्व वासु जैन के करकमलों से, जिला शिक्षाधिकारी एस एन भगत, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, बिलाईगढ़ बीईओ एसएन साहू, एबीईओ सोमा सिंह ठाकुर, जिला संगठन आयुक्त स्काउट लिंगराज पटेल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त शंकर लाल साहू, जिला मुख्यालय आयुक्त पवन नायक, रोवर लीडर कमलेश साहू की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस गीत की रचना सरकारी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश को प्रोत्साहित करने और शासकीय योजनाओं कॉपी किताब, गणवेश, सायकिल, छात्रवृत्ति, हॉस्टल आदि सुविधाओ के लाभ दिलाने के उद्देश्य से सारंगढ़ बिलाईगढ़, महासमुंद और बलोदाबाजार भाटापारा जिले के शिक्षकों, जो एक कलाकार भी हैं, उनके आपसी समन्वय से तैयार किया गया।

ज्ञातव्य है कि आगामी 18 जून से शासकीय स्कूलों में नया सत्र का शुभारंभ किया जाना है। इस अवसर पर प्रत्येक स्कूलों में प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस अवधि में छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचल तक गीत के माध्यम से पालकों को स्कूलों में एडमिशन कराने का संदेश और आमंत्रण भेजा गया है। इस गीत को सुनकर और प्रेरित होकर वे अपने बच्चे का दाखिला सरकारी स्कूलों में करें।

इस संबंध में डीईओ भगत ने बताया कि शिक्षकों द्वारा तैयार इस प्रवेश गीत के माध्यम से सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं एवं शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मिलेगी। इन गीतों को सुनकर निश्चित रूप से बच्चे और पालक स्कूलों में अपने बच्चों को दाखिला दिलाने प्रेरित होंगे। पूनम सिंह साहू ने बताया कि ग्रामीण अंचल के बच्चों को यह भी मालूम नहीं होता कि स्कूल कब से खुल रहा है और स्कूलों में क्या-क्या सुविधा मिलती है। स्कूलों में मिलने वाली सुविधा और योजनाओं को गीतों में पिरोकर संगीत से सजाकर प्रस्तुत किया गया है। निश्चित रूप से गीत को सुन कर बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ने के लिए प्रोत्साहित होंगे। गीत के पोस्टर का पहला विमोचन किया गया तत्पश्चात इसे प्रोजेक्टर पर प्रदर्शित किया गया। इस नई पहल के लिए शिक्षकों को धन्यवाद दिया तथा सुंदर वीडियोग्राफी के लिए नंदकुमार कुर्रे की प्रशंसा भी की गई।

गीत वीडियो के सृजनकर्ता टीम

जिला शिक्षा अधिकारी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (एसएन भगत) बलोदाबाजार भाटापारा (हिमांशु भारतीय), महासमुंद (मोहन राव सावंत) के मार्गदर्शन में व्याख्याता एवम गायक पूनम सिंह साहू, व्याख्याता एवम संगीतकार जगदीश (हीरा) साहू, नारायण हीरा एवं शिक्षक एवम गीतकार वीरेंद्र कर के संयुक्त प्रयास से, साथ ही वीडियोग्राफी और वीडियो संपादन नंदकुमार कुर्रे के द्वारा शाला प्रवेशोत्सव गीत "स्कूल जाबो" का वीडियो तैयार किया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480